

Patna University In News (06.09.2022)

दैनिक भास्कर

पीयू में शिक्षकों का सम्मान

एजुकेशन रिपोर्टर, पटना

शिक्षक दिवस के अवसर सोमवार को पटना विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केसी सिन्हा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कितनी भी ऊंचाई पर चला जाए, इसमें उसके शिक्षक का सबसे बड़ा योगदान होता है। पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश कुमार चौधरी ने कहा कि सभी वरीय शिक्षकों को सम्मानित करते हुए हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार ने

सभी शिक्षकों का स्वागत किया। समारोह में वैसे शिक्षकों को सम्मानित किया गया जो 2020 से पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसमें बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग 2004 से पहले अवकाश प्राप्त करने वाले शिक्षक भी शामिल थे जिनमें प्रो. नागेश्वर तिवारी, प्रो. सीएन सिन्हा, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. अनिल कुमार सिन्हा जो विवि के कुलपति प्रो. गिरीश कुमार चौधरी के गुरु थे। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में बिहार विधान परिषद के सदस्य प्रो. संजय पासवान, विवि के पूर्व कुलपति प्रो.रासबिहारी प्रसाद सिंह, पूर्व कुलपति प्रो. अरुण कुमार सिन्हा, पूर्व विधान पार्षद प्रो. किरण घई , प्रो. नवल किशोर चौधरी, शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रो. रणधीर कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक थे। कार्यक्रम के अंत में विवि के कुलानुशासक प्रो. रजनीश कुमार ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का विश्वविद्यालय के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया। वहीं मंच संचालन डॉ सुहेली मेहता ने किया।

THE TIMES OF INDIA

Patna: Teachers' Day celebrated at educational institutions

PATNA: A variety of cultural and educational events was organised in colleges, schools and coaching institutes on Teachers' Day on Monday. At an impressive function organised at Wheeler Senate Hall, with Nalanda Open University vice-chancellor KC Sinha as chief guest, Patna University (PU) felicitated all those teachers who superannuated before 2020. PU VC Girish Kumar Choudhary chaired the function. Those felicitated by PU included Prof Sanjay Paswan, MLC, ex-PU VCs Ras Bihari Prasad and Arun Kumar Sinha, and former MLC Kiran Ghai.